Helpline 1064 94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- भरतपुर में कनिष्ठ अभियंता (सिविल) मुख्यालय व कनिष्ठ अभियंता कुम्हेर ब्लॉक (संविदा कर्मी) कार्यालय एडीपीसी समग्र शिक्षा, भरतपुर 23,400/- रूपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार।

जयपुर, दिनांक 6 फरवरी 2026, शुक्रवार। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी चौकी भरतपुर द्वारा आज कार्यवाही करते हुए **धीरेन्द्र श्रीवास्तव कनिष्ठ अभियंता (सिविल) मुख्यालय व राकेश कुमार गुप्ता कनिष्ठ अभियंता कुम्हेर ब्लॉक (संविदा कर्मी) कार्यालय एडीपीसी समग्र शिक्षा भरतपुर** को परिवादी से 23,400/- **रूपये** रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो राजस्थान, जयपुर के **महानिदेशक श्री गोविन्द गुप्ता** ने बताया कि एसीबी चौकी भरतपुर को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी द्वारा किये गये कार्यों के संदर्भ में जो एसडी (सुरक्षा जमा राशि) जमा कराई थी उक्त एसडी को देने की एवज में धीरेन्द्र श्रीवास्तव कनिष्ठ अभियंता (सिविल) मुख्यालय व राकेश कुमार गुप्ता कनिष्ठ अभियंता कुम्हेर ब्लॉक (संविदा कर्मी) द्वारा परिवादी से 7.1 प्रतिशत के हिसाब से कुल 23,400/- रूपये रिश्वत की मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी **उप महानिरीक्षक पुलिस डॉ. रामेश्वर सिंह** के सुपरविजन में एसीबी भरतपुर के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अमित सिंह** द्वारा आज ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी धीरेन्द्र श्रीवास्तव कनिष्ठ अभियंता (सिविल) मुख्यालय व राकेश कुमार गुप्ता कनिष्ठ अभियंता कुम्हेर ब्लॉक (संविदा कर्मी) कार्यालय एडीपीसी समग्र शिक्षा भरतपुर को 23,400/- रूपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकडा गया है।

एसीबी के **महानिरीक्षक पुलिस श्री राजेश सिंह** के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जाएगा।